कबसे तेरी राह निहारे

कबसे तेरी राह निहारे बैठा मैया दास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली टूटे ना विश्वास मेरा,

अखियां कबसे तरस रही है मैया जी दीदार को,
जल्दी आओ मेहरावाली तड़प रहा तेरे प्यार को,
इस दुनिया में तेरे सिवा ना मैया कोई ख़ास मेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली टूटे ना विश्वास मेरा....

रिश्ते नाते बंधन सारे आज हुए है पराए माँ,
दुःख की आंधी सता रही है गम के बादल छाए माँ,
किरपा कर दो अब तो मैया घुटने लगा है सास मेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली.......

जग जननी है जोतावाली अर्जी पे माँ विचार करो,
दर्शन दो हे ज्वाला माता शर्मा पे उपकार करो,
आठो पहर हे अष्टभुजी बस रहे हृदय में निवास तेरा,
दर्शन दो माँ शेरावाली......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4794/title/kabse-teri-raah-nihare-bethe-maiya-daas-tera-darshan-do-maa-sheravali-tute-na-vishavash-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |